बरेली, रविवार
7 अक्टूबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 24+6=30

दैनिक जागरण

Page No : 11Right Middle

एसआरएमएस में हुई क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस

जासं, बरेली : एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में पांचवीं नार्थ जोन क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। आइएससीसीएम बरेली चैप्टर के सहयोग से आयोजित कांफ्रेंस में देश भर से गंभीर रोगों के विशेषज्ञ, 350 चिकित्सकों और पीजी छात्रों ने भाग लिया। दिल्ली के मेदांता अस्पताल के डॉ. दीपक गोविल ने आइसीयू में किए जाने वाले एक्सरे-अल्ट्रासाउंड और डॉ. हर्ष सापरा ने सीटी स्कैन-एमआरआई के बारे में बताया। कर्नल डॉ. मोनिस ने सोडियम डिसऑर्डर पर चर्चा की। क्रिटिकल केयर मेडिसन विशेषज्ञ डॉ. संदीप कटियार चेयरपर्सन रहे। वहीं प्रो. ललित सिंह ने बताया कि एसआरएमएस के आइसीयू में जल्द ही अत्याधुनिक वेंटीलेटर, एफईएनओ मशीन आदि उपकरण लगाए जाएंगे। चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार देने के लिए अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध हैं।